सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून, 05 जनवरी 2024

प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर आज डालनवाला स्थित प्रेम धाम पहुँची, जहाँ उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने बुजुर्गों को कम्बल भी वितरित किए और सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।

श्रीमती कौर ने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से मुलाकात की और उनकी व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। उन्होंने वृद्धा आश्रम संचालकों से वृद्धा आश्रम की क्षमता, खाने की व्यवस्था, रूम की सफाई व्यवस्था और उनके मनोरंजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनों के खान–पान से लेकर प्रतिदिन की दिनचर्या और व्यवस्था नियमित करने हेतु आभार भी जताया। इस दौरान उन्होंने प्रेम धाम वृद्धाश्रम के संचालकों को आश्वासन दिया की जल्द ही वृद्धाश्रम में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा, जिस दौरान दवाइयां इत्यादि भी राजभवन से उपलब्ध करवाई जाएगीं। आर्थिक सहायता के रूप प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने प्रेम धाम वृद्धाश्रम को 51 हजार रुपए सहायता प्रदान की और बुजुर्ग लोगों की सेवा करने हेतु आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

............0............